डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक

पटना, 15 मार्च, बुधवार, 2023



## संपादक की कलम से

हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नही समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं। कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-





**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**

-डॉ0 संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278

**कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने विदेश मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष श्री जीन-लुइस बोरलैंग्स के नेतृत्व में फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। नेताओं ने भारत-फ्रांस साझेदारी में विकास और अन्य प्रमुख मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।**

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह का गया हवाई अड्डा पर कांग्रेसियों ने किया भव्य स्वागत

पटना ।कांग्रेस दर्पण

शाम 4:30 बजे दिल्ली से गया हवाई अड्डा पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के लोकप्रिय अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह जी के पहुंचने पर गया जिला कांग्रेस कमिटी के नेताओ, कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू ने बताया की औरंगाबाद शहर के विधायक आनंद शंकर के बहन की शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली से गया हवाई अड्डा पहुंच कर प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह सीधे दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ औरंगाबाद के लिए रवाना हुए।

गया हवाई अड्डा पर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, टिकारी विधानसभा के प्रत्यासी रहे सुमंत कुमार, अखिल भारतीय कांग्रेस अल्पसंख्यक सेल के राष्ट्रीय सचिव उमैर खा उर्फ टीका खान, गया नगर निगम के महापौर वीरेंद्र कुमार पासवान उर्फ गणेश पासवान, पूर्व उपमहापौर अखौरी ओंकारनाथ श्रीवास्तव उर्फ मोहन श्रीवास्तव, शशि किशोर शिशु,युगल किशोर सिंह, रंजीत सिंह, मो खालिद अमीन, प्रियरंजन डिंपल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, मो शमीम, डा विजय कुमार शर्मा, मो अजहरुद्दीन,ओंकार शर्मा, आदि ने फूलमाला,



बुके, तथा अंगवस्त्र देकर स्वागत किया तथा राहुल गांधी जिंदाबाद, बिहार कांग्रेस जिंदाबाद, डा अखिलेश प्रसाद सिंह जिंदाबाद के नारे बुलंद किए।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने हवाई अड्डा पर उपस्थित सभी कांग्रेसजन से कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कार्यक्रम के तहत राहुल गांधी के संदेश तथा मोदी सरकार के विफलताओं को जन, जन में पहुंचाने, अडानी प्रकरण का पर्दाफाश के लिए प्रखंड, जिला में धरना, प्रदर्शन, रैली आयोजित करने तथा 02, गया स्नातक तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन के उम्मीदवार को जिताने की बाते कहीं।

प्रदेश अध्यक्ष का काफिला बोधगया दुमोहन, डोभी, शेरघाटी, चंडी स्थान, आमस, मदनपुर, देव होते औरंगाबाद पहुंचा। इन सभी स्थानों पर भी कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता समर्थक ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने का काम किया।

औरंगाबाद में शादी समारोह में शामिल होने के बाद दाउदनगर, अरवल होते पटना के लिए रवाना हो गए।

# पश्चिम बंगाल का प्रभारी बनने पर शम्स शाहनवाज का डुमरा प्रखंड अध्यक्ष दिलकश खान ने किया स्वागत

पटना ।कांग्रेस दर्पण

बिहार यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता व पूर्व जिलाध्यक्ष सीतामढ़ी मो. शम्स शाहनवाज को भारतीय युवा कांग्रेस के फ्लैगशिप कार्यक्रम यंग इंडिया के बोल सीज़न- 3 के लिए पश्चिम बंगाल का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर डुमरा प्रखंड यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दिलकश खान ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी द्वारा शम्स को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर दिलकश खान ने कहा कि पूर्व प्रवक्ता मो.शम्स शाहनवाज कुशल संगठनकर्ता हैं और पूर्व में यंग इंडिया बोल कार्यक्रम का बिहार प्रदेश में सफल संचालन कर चुके हैं। आशा ही नहीं मुझे पूर्ण विश्वास है कि वो पश्चिम बंगाल में यंग



इंडिया के बोल सीजन - 3 कार्यक्रम का सफल संचालन करेंगे। मौके पर सीतामढ़ी जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहन कुमार, जिला कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रमोद कुमार नील, वैदेही शरण यादव, राजीव कुशवाहा, मुश्ताक सरवर, रंजीत कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## हे काँग्रेस!!

तू नहीं तेरी कहानी पास है!
सामने तेरा विगत इतिहास है!!

रूपसी तुम कामना की!
सिद्धि मेरी साधना की!!
वेद की पावन ऋचा सी !चांद की भी चाहना सी!!
वेदना से मैं भरा हूं!
पर मुखर विश्वास है!!

तू नहीं तेरी कहानी मेरे पास है।

ओ हृदय के मीत मेरे! शब्द मेरे गीत मेरे!!
दग्ध मन की आस हो तुम!
या हृदय संगीत मेरे!!
जीत लूंगा मैं व्यथाएँ! यह अडिग विश्वास है!!
तू नहीं तेरी कहानी मेरे पास है।
प्रेरणा मेरे सृजन की! तृप्ति तुम बिरही नयन की!!
लक्ष्य भी औ पंथ भी तू!
शक्ति तू मेरे गमन की!!
अंततः तू प्रेम पथ की! सिद्धि का उल्लास है!!
कांग्रेस तू नहीं तेरी कहानी मेरे पास है!
सामने तेरा विगत इतिहास है!!

आज तुम्हारी प्रीति भाग गई!
अरुण कमल सम नयन तुम्हारे!
छवि पराग संचित मतवारे!
मधु के भरे भरे प्यालो से!
छूटें मदिरा के फव्वारे!

आज तुम्हारे नयन कोर से!
मन वीणा झंकार पा गई!
आज तुम्हारी प्रीति भा गयी!
आंखों के अनुपम कटाक्ष ने!
मन के सोये भाग जगा ए!!
रूप तुम्हारा निरख लिया तो!
अनजाने मन प्राण जुड़ाये!!
मेरी चीर अभिलषित कल्पना!
आज रूप साकार पा गई!!
आज तुम्हारी प्रीति भा गयी!
मत पूछो मैंने क्या पाया !
क्या खोया है और गवाया !!
लेन देन से परे प्यारा है !
इतना तत्व समझ में आया!!

जब भी बात छिड़ी पनघट की!
मुझको भूली याद आ गयी!!
आज तुम्हारी प्रीती भा गई! आज तुम्हारी प्रीति भाग गयी!!

-रणजीत कुमार मुखिया जी,सचिव जिला कांग्रेस,कमिटी।







# अपील: महागठबंधन में कांग्रेस पार्टी की भूमिका को देखते हुए अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में अपना नामांकन वापस लें

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

बिहार विधान परिषद के चार सीटों पर हो रहे चुनाव तथा एक सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर बिहार प्रदेश कांग्रेस मीडिया कमेटी के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने वक्तव्य जारी करते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी से संबंधित कोई भी नेता-कार्यकर्ता जो निर्दलीय नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

वे आलाकमान के निर्णय के मद्देनजर अपना नामांकन वापस लेते हुए महागठबंधन के अधिकृत प्रत्याशियों को जिताने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि इसी को लेकर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कल ही आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नीति तथा सिद्धांत से चलने वाली पार्टी है।

जब कांग्रेस पार्टी बिहार में महागठबंधन के साथ है। तो नियम पूर्वक विधान परिषद के सभी पांच सीटों पर हो रहे चुनाव में महागठबंधन के अधिकृत प्रत्याशियों को पूर्ण समर्थन करने का फैसला रखती है।

ऐसी परिस्थिति में वैसे उम्मीदवार, जो कांग्रेस पार्टी से संबंध रखते हैं तथा इस चुनाव में किसी भी सीट से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। उनसे अपील है कि महागठबंधन में कांग्रेस पार्टी की भूमिका को देखते हुए अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में अपना नामांकन वापस लें।



**दिनांक 14/3/2023 अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष किशन लाल जी जेदिया राज्य सफाई आयोग के अध्यक्ष राज्य मंत्री ने नवलगढ़ नगर शाखा के नगर अध्यक्ष पद पर मनु कुमार गुजराती की जयपुर में घोषणा की इस अवसर पर प्रदेश सचिव लक्ष्मण जी जेदिया, राजेश जी जेदिया प्रवक्ता, पार्षद विजय पवार, कुलदीप चावरिया, उमेद पंवार, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।**

# कायर है लोग जो राहुल गांधी जी का साथ नही दे रहे है

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

जिस परिवार में 30 साल से न कोई मुख्यमंत्री रहा है , न प्रधानमंत्री और न ही कोई मंत्री पद पर

उस परिवार पर परिवार बाद का आरोप लगाया जाता है और मूर्ख ये बात मान जाते हैं,गांधी परिवार को तोड़ा जा रहा है,दोस्तो ,

अगर सोनिया गांधी जी,या राहुल गांधी जी ,या प्रियंका गांधी जी,के अलावा हम कैसे मान ले की पार्टी के साथ गद्दारी नहीं होंगी, जो कांग्रेसी नेता आज तक खाए और अब दूसरी पार्टी में जाकर मिल गए ,उनका क्या कर लिया ,या आगे भी कोई पार्टी की कमान सम्हाले और बाद में धोखा दे दे इस का क्या भरोसा , मुझे तो भरोसा नही है । ये एक बहुत ही बड़ा साजिश है ,जो कुछ कांग्रेसी मिलकर चला रहे है ,अगर ये कामयाब हो गए तो देख लेना आगे क्या होगा , कायर है लोग जो राहुल गांधी जी का साथ नही दे रहे है । राहुल गांधी जी एक आवाज दो दिल्ली की सड़के जाम हो जाएंगी , आप आवाज तो दो ,

महिलाए भी अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाए और आदरणीय सोनिया गांधी जी की आवाज बने ,सोनिया गांधी जी को आज तक इस देश की बहु नही माना गया ,इसी लिए वो कभी स्त्रे नही बनी, अगर यही आप सब माताएं बहनो के साथ होता ,तो क्या आप सब ये स्वीकार करती , आओ एक बार फिर आवाज बने स्वाभिमान ,सम्मान ,और शहीद हुए परिवार के लिए आज इम्तिहान की घड़ी है , क्या दिला पाओगे,कसम खा कर कहो, क्या कभी खुद से नजर मिला पाओगे,जो पार्टी और पार्टी के फंड को खा गए इन गद्दारों को मुंह तोड़ ज़बाब देने का वक्त है ,इन का खून तो गद्दारी कर गया , जो सच्चे सिपाही है वो अपना खून पसीना अदा करे ,पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी जी ने कहा था मेरे खून का एक एक कतरा इस देश को अखंड मजबूती प्रदान करेगा , आज वक्त है उनके खून की एक एक बूंद के कर्ज चुकाने का , क्या सच्चे सिपाही बिना पद ,,बिना लालच के ,निस्वार्थ ,गांधी परिवार का साथ देंगे .......




.कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, सोनिया गांधी जी जिंदाबाद ,राहुल गांधी जिंदाबाद , प्रियंका गांधी जिंदाबाद .........................................................................

अजित कुमार सिन्हा
काँग्रेसी नेता
मीनापुर मुजफ्फरपुर, बिहार

# सेवादल जिला अध्यक्ष कौशल आमेटा के नेतृत्व में उदयपुर जिला कलेक्टर को ज्ञापन

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

उदयपुर नगर निगम वार्ड 12 के बीजेपी पार्षद विरासत समिति के अध्यक्ष पार्षद मदन दवे द्वारा सरकार को गुमराह करके गेहूं उठाने के मामले को लेकर आज सेवादल जिला अध्यक्ष कौशल आमेटा के नेतृत्व में उदयपुर जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में बताया कि पार्षद मदन दवे ने राज्य सरकार को गुमराह करके चुनाव लड़ा व साथ ही उदयपुर डीएसओ रहे गीतेश जी मालवीय द्वारा 62500 की रिकवरी निकाली गई थी उस राशि का आधी राशि पार्षद मदन दवे ने जमा करवा दी है साथ ही आमेटा ने बताया कि पार्षद मदन दवे अभी भी तथ्य छुपा रहे हैं उनसे बाकी की राशि वसूली जाए एवं निगम में जिस जिम्मेदार समिति विरासत समिति के अध्यक्ष बनकर बैठे हुए हैं उन पर तत्काल कारवाही करते हुवे उन्हें सरकार को गुमराह करने के लिए तत्काल रुप से पद से मुक्त किया जाय कीयो की पार्षद मदन दवे ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है राशि जमा करवा कर ज्ञापन देने में पार्षद मदन सिंह बाबरवाल बतुल हबीब गणेश जी शर्मा सुरेश औधिच्य आदि कार्य करता मौजूद थे






कांग्रेस का एक सच्चा सिपाही अपना पूरा जीवन कांग्रेस के नाम करके सदा लिए इस दुनिया से चला गया। फ़तेहपुर, उत्तर प्रदेश के श्री रामचरण शर्मा 'झंडेवाले' जी के निधन का समाचार पाकर मन को बेहद दुख पहुंचा।

श्री रामचरण शर्मा जी ऐसे समर्पित और सच्चे सिपाही थे जो पूरी उम्र कंधे पर कांग्रेस का झंडा उठाये पार्टी की विचारधारा का प्रचार करते रहे। कांग्रेस का झंडा ही उनकी पहचान बन गया था। वे पैदल ही गांव-गांव घूमते थे और कांग्रेस की विचारधारा के बारे में लोगों को बताते थे। उनका समर्पण हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। ऐसे समर्पित लोग ही कांग्रेस की ताकत हैं जिनके दम पर कांग्रेस की विचारधारा गांव-गांव तक फैली।

भावभीनी श्रद्धांजलि।



**जो भी तानाशाह हुए, उन्हें जगत करता अपमान।**

**न माने तो औरों से भी पूछें, कैसा देते उन्हें स्थान।**

**गांधी तो ऐसा नूर निकले,जिससे मिटते अंधकार।**

**जगत उस पग पे चले, पर गोडसे को न पूछन हार।**

**दिनेश शंकर दास, BPCC**

## भाजपा को आत्ममंथन की जरूरत



भाजपा को आत्मंथन की सख्त जरूरत है बिहार विधानसभा में भाजपा हर दिन जैसा दृश्य उपस्थित कर रही है उससे संसदीय मर्यादा तार-तार हो रहे हैं आज भाजपा विधायक लखेंद्र पासवान ने जिस तरह से सदन के भीतर माइक तोरा वह केवल आसन का अपमान है अजीत कुमार सिंह कांग्रेस नेता शिवाजी नगर समस्तीपुर बिहार

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष (महिला मंडल) भावना पालीवाल ने भाजपा का दामन छोड़ कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ली

पटना ।कांग्रेस दर्पण

राजसमन्द/14 मार्च/ भाजपा जिला उपाध्यक्ष (महिला मंडल) भावना पालीवाल ने भाजपा का दामन छोड़ कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ली ।

इस मौके पर राजसम्मद कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीसिंह राठौड़ ने भावना पालीवाल को कांग्रेस की इकलाई ओढ़ा सम्मान किया ।साथ ही पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा लगन से सेवा करने की शपत दिलाई गई ।

इस मौके पर भावना पालीवाल ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा के प्रभावित होकर ये घर वापिसी की है जहाँ पर महिलाओं को पूरा सम्मान व बराबरी का स्थान मिले ।

इस मौके पर पीसीसी सदस्य शान्तिलाल कोठारी, आशा पालीवाल, सभापति अशौक टाक, उपसभापति चुन्नीलाल पंचौली ,पार्षद मांगीलाल टाक ने भी भावना पालीवाल को इकलाई ओढ़ा कर सम्मान किया ।

इस मौके पर पार्षद हिमानी नंदवाना,किशन गाडरी ,पूर्व नगर अध्यक्ष गोविंद सनाढय,चंचल नंदवाना आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे ।








# राहुल गांधी देश के किसानों, गरीबों, युवाओं, महिलाओं और देश की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की सशक्त आवाज़

**पटना । इंजीनियर मोहिउद्दीन खान**

हमारे नेता राहुल गाँधी देश के जनता की उम्मीद और विश्वास, किसानों, युवाओं और महिलाओं, देश के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की सशक्त आवाज हैं। लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों में आस्था रखने वाले नेता है।आज हम एक ऐसे दौर में जी रहे है जहां एक ओर सरकार के बैठे मोदी–शाह जैसे लोग नए भारत के नाम पर खुद की फर्जी ब्रांडिंग में करोड़ों उड़ा रहे है तो दूसरी तरफ एक नेता है राहुल गाँधी जी जो चुप–चाप अपना काम कर रहे है। राहुल गाँधी अन्याय के खिलाफ लड़ रहे है, जूझ रहे है और लगातार सँघर्ष कर रहे है।दो रेखाओं में बंटे इस देश में एक तरफ वो अकेले अन्याय के खिलाफ सँघर्ष कर रहे हैं।



गांधी परिवार ने आजाद भारत की नींव रखी थी, लेकिन फिर भी राहुल जी सभ्य है, शालीन है, शानदार है, अटल है व सत्य के पर्याय हैं। बिना किसी अहंकार के सारी चुनौतियों का डटकर सामना कर रहा है। वो हार्वर्ड का पढ़े है, सुरक्षा घेरे में अपने बचपन को तपाया है, लेकिन आज जब वो सड़क पर निकलते है तो कोई सुरक्षा घेरा उसे अपने लोगों से मिलने से नहीं रोक पाता। वो बाकी सबसे अलग है, एक प्रेरणा है, एक उम्मीद है जो हर बार कुछ नया करते है। वो भारत के विपरीत परिस्थितियों में सँघर्ष का नाम है। राहुल गाँधी ही इस देश का एकमात्र मज़बूत विकल्प है, सुनहरे भविष्य की परिकल्पना है।राहुल जी का संघर्ष महज कांग्रेस के लिए नही है, बल्कि पूरे देश के लिए है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा क्रांतिकारी थी. राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के जरिए अपनी नेतृत्व क्षमता को साबित की है. उन्हें लोगों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है. उनका व्यक्तित्व युवाओं के लिए ज्ञान का प्रतीक बन गया है.








क्या से क्या हो गया
देखते-देखते
2014
₹13
लाख करोड़
कैश प्रचलन में
2022
₹31
लाख करोड़
जनता का सवाल
ोटबंदी और कैशलेस इंडिया से हासिल क्या
Indian National Congress
@INCIndia


कांग्रेस ने कभी गरीबों की परवाह नहीं की
- पीएम मोदी
सच्चाई
27 करोड़
लोग गरीबी से बाहर
23 करोड़
लोग गरीब हुए
Indian National Congress
@INCIndia


सरदार गुरुमुख निहाल सिंह
14 मार्च 1895-22 दिसंबर 1969
पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली एवं प्रथम राज्यपाल, राजस्थान
Indian National Congress
@INCIndia


हाथ से हाथ जोड़ो
युवा शिक्षा और रोज़गार पर संकल्प
2
जो 25 और 26 फ़रवरी को रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन
में लिया गया है
युवा
पंडित जवाहरलाल नेहरू का भारत के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण था, जिसका उद्देश्य देश को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाना था। आज़ादी के तुरंत बाद भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन जैसे विश्व स्तरीय संस्थानों की स्थापना करके भारत के युवाओं को प्रशिक्षण और अवसर प्रदान करने के प्रयास किए गए।